आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 21 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in




## मंत्री दीपिका पांडेय सिंह का हाथ फ्रैक्चर



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार में मंत्री और विधायक दीपिका पांडेय सिंह का हाथ फ्रैक्चर हो गया है। जानकारी के अनुसार देर रात मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ बैठक में शामिल होने के बाद लौट कर जब वह घर पहुंचीं, तो उनका संतुलन बिगड़ गया और उनके हाथ में चोट लग गयी। पहले दीपिका पांडेय को पारस अस्पताल ले जाया गया। यहां पता चला कि उनके हाथ में फ्रैक्चर हो गया है। फिलहाल उनका रामप्यारी अस्पताल में डॉ एसएन यादव की निगरानी में इलाज चल रहा है।

## एचडीएफसी बैंककर्मी की हत्या मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया

रांची (आजाद सिपाही)। पुलिस ने राजधानी रांची के हरमू में एचडीएफसी बैंककर्मी की गोली मार कर हत्या करने के मामले का खुलासा कर लिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रांची पुलिस ने हत्याकांड में शामिल शूटर सहित तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों से पूछताछ चल रही है। हालांकि पुलिस ने अभी इस संबंध में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक पूछताछ में तीनों ने खुलासा किया है कि मोबाइल लूट की घटना में अभिषेक की हत्या की गयी। अभिषेक का मोबाइल महंगा था। वह अपना मोबाइल उन्हें देना नही चाहता था। जब उसने मोबाइल देने से मना किया, तो उसे पिस्टल लेकर एक अपराधी दौड़ाने लगा। फिर उसे गोली मार दी और उसका मोबाइल ले लिया। बता दें कि अभिषेक की हत्या शुक्रवार देर रात की गयी थी। इस बाबत मृतक के दोस्त प्रिंस कुमार ने बताया कि दोनों रात को घटनास्थल से होकर जगन्नाथपुर जा रहे थे। इसी दौरान तीनों अपराधियों ने उनको रोक लिया और उनसे लूटपाट की। प्रिंस ने अपना सभी सामान अपराधियों को दे दिया, लेकिन अभिषेक ने महंगा होने के कारण अपना मोबाइल नहीं दिया। इस पर तीनों अपराधी उसे दौड़ाने लगे और पकड़ कर मोबाइल छीन ली और उसे गोली मार दी। प्रिंस ने बताया कि अभिषेक एचडीएफसी बैंक के लोन विभाग में कार्यरत था।

## झारखंड कैडर के दो अधिकारियों को केंद्र के एडीजी पैनल में किया गया शामिल

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड कैडर के 1996 बैच के दो आइपीएस अधिकारियों को केंद्र में एडीजी रैंक के पैनल में शामिल कर लिया गया है। संबंधित विभागों को इस आशय का पत्र जारी कर दिया गया है। जारी पत्र में आइपीएस बलजीत सिंह और नवीन सिंह के नाम शामिल हैं। बता दें कि केंद्र सरकार की कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने पूरे देश के 1996 बैच के आइपीएस अधिकारियों के लिए एडीजी और एडीजी समानांतर पद पर इंपैनल करने का विचार किया था, जिनमें से 28 आइपीएस अधिकारी एडीजी रैंक में इंपैनल हुए। इनमें झारखंड कैडर के 1996 बैच के दो आइपीएस अधिकारी भी शामिल किये गये हैं।

## अच्छे जीवन की ज्योति से दूसरों को प्रकाशित करें : आर्चबिशप विसेंट आइंद



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित समाज विकास केंद्र में बुनियादी कलिसियाई समुदाय की एक दिवसीय कार्यशाला (वर्कशॉप) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आर्चबिशप विसेंट आइंद बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। खीस्तीय समुदाय को संबोधित करते हुए विसेंट आइंद ने कहा कि शिक्षा से अपने जीवन की ज्योति जलायें और गांव, समाज और देश के अंधकार को दूर करें। बुनियादी कलीसियाई समुदाय एक ऐसा समुदाय है, जो अपने जीवन को बाइबल के अनुसार जीने की कोशिश करता है। ये समाज सेवा करने में विश्वास करता है। समाज सेवा के साथ-साथ यह समाज में सकारात्मक प्रभाव लाने का प्रयास करता है। आर्चबिशप विसेंट आइंद ने सभी को आशावान बने रहने का संदेश दिया। साथ ही बाइबल के वचनों को जीवन में लागू करने का आह्वान किया। मौके पर फादर जार्ज मिंज, फादर बीसू बेंजामिन समेत धर्मबहनें एवं खीस्तीय विश्वासी मौजूद रहे।

## हिंदू जागरण मंच की बैठक संपन्न

रांची (आजाद सिपाही)। हिंदू जागरण मंच विगत 20 वर्षों से सावन के पावन माह में सावन की हर सोमवारी को पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार पर सभी श्रद्धालुओं के लिए नि:शुल्क सेवा सिविर लगाते आया है। इस वर्ष भी हिंदू जागरण मंच सुखदेव नगर मंडल अध्यक्ष चंदन सिंह के नेतृत्व में नि:शुल्क सेवा सिविर लगाने को लेकर अहम बैठक संपन्न हुई। इसमें सावन की हर सोमवारी को सभी भक्तों के लिए दूध पुष्प बेलपत्र आदि का वितरण किया जायेगा । बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रांची महानगर अध्यक्ष निशांत चौहान, चंदन सिंह, राहुल सिंह राजपूत, कर्ण कर्मकार, अमित चौधरी, अभिजीत मिश्रा, अंश कुमार, सूरज कुमार, पृथ्वी राज सिंह, सत्य सिंह, सिम्पी शर्मा, रवि चौधरी, अंकित जेदिया, कुणाल कुमार सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# इको बॉल तकनीक से बड़ा तालाब की होगी सफाई

### केंद्रीय मंत्री संजय सेठ और विधायक सीपी सिंह ने की शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची बड़ा तालाब यानी स्वामी विवेकानंद सरोवर की सफाई इको बॉल तकनीक से होगी। इस अभियान की शुरुआत शनिवार को केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री सह सांसद संजय सेठ और रांची के विधायक सीपी सिंह के द्वारा की गयी। बता दें कि स्वामी विवेकानंद सरोवर का पानी दूषित हो जाने के कारण पानी से दुर्गंध आ रही थी। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ की जानकारी में आने के बाद कुछ दिन पूर्व रांची के उपायुक्त एवं रांची नगर निगम के अधिकारियों को पानी को स्वच्छ करने को कहा गया था। हाइकोर्ट ने भी इस संबंध में रांची के अधिकारियों को आदेश दिया था।

रक्षा राज्यमंत्री सेठ ने इस काम को करने के लिए हरसंभव मदद की बात कही थी। नगर निगम की पहल पर इको बॉल तकनीक से काम करनेवाली कंपनी से संपर्क साधा गया। इसके बाद निर्णय हुआ कि स्टार्टअप कंपनी माइक्रोब्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इको बॉल के माध्यम से स्वामी विवेकानंद सरोवर की सफाई की जायेगी। ये कंपनी देश भर के 450 तालाब की सफाई इको बॉल के माध्यम से कर चुकी है। कंपनी ने बताया है कि इको बॉल पूरी तरह सुरक्षित है।

बताया कि इसका असर तालाब में पलने वाली मछली और अन्य जीव जंतु पर नहीं होगा। मंत्री सेठ ने कहा कि स्वामी विवेकानंद सरोवर, जो बड़ा तालाब के नाम से जाना जाता है, यह रांची की हृदय स्थली है। इसकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आज इसकी सफाई की शुरुआत की गयी है। छठ के पहले यह तालाब स्वच्छ और साफ हो जायेगा। इस अवसर पर रांची नगर निगम के आयुक्त अमित कुमार सहित नगर निगम के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# असम के मुख्यमंत्री रिम्स में इलाजरत सहायक पुलिसकर्मियों से मिले, बोले-उनकी मांग जायज

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा शनिवार को रिम्स पहुंचे और लाठीचार्ज में घायल सहायक पुलिसकर्मियों से मुलाकात की। उन्होंने सभी का हालचाल पूछा। घायल पुलिसकर्मियों का हालचाल सुनने के बाद उन्हें समाधान का भरोसा दिलाया। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपने वादे से मुकर गयी है। सहायक पुलिसकर्मियों की जायज मांगों को भी नजरअंदाज किया जा रहा है। वेतन बढ़ोतरी और समायोजन की मांग करने पर उन पर लाठियां बरसायी जा रही हैं, जो अन्याय है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को इन लोगों से बात करनी चाहिए और उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए। बता दें कि शुक्रवार को अपनी मांगों को लेकर सीएम आवास का घेराव करने जा रहे सहायक पुलिसकर्मियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। इसमें कई सहायक पुलिसकर्मी घायल हो गये थे। राज्य के सहायक पुलिसकर्मी अपनी मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास के घेराव के दौरान पुलिस द्वारा किये गये लाठीचार्ज में लगभग एक दर्जन सहायक पुलिसकर्मी घायल हो गये थे। इनमें कई गंभीर रूप से घायल हुए थे। उनको रिम्स में भर्ती कराया गया है।

### वाइबीएन विश्वविद्यालय: 7 वर्षों की उड़ान, उच्च शिक्षा के नये क्षितिज की ओर

# वाइबीएन विश्वविद्यालय ने अपना सातवां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड के अग्रणी निजी विश्वविद्यालयों में से एक वाइबीएन विश्वविद्यालय ने शनिवार को अपना सातवां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। हालांकि विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस हर साल 17 जुलाई को मनाया जाता रहा है, इसके बावजूद विश्वविद्यालय प्रबंधन ने इस वर्ष 20 जुलाई को विश्वविद्यालय वार्षिक स्थापना दिवस को मानाने का निर्णय लेते हुए कार्यक्रम आयोजन किया। स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय कुलाधिपति बैद्यनाथ नाथ यादव, सह-कुलाधिपति एवं संस्थापक रामजी यादव, मुख्य अतिथि देव शरण भगत (आजसू पार्टी अधिकारी), वाइबीएन ग्रुप ऑफ एजुकेशन चेयरपर्सन अंजू यादव, निदेशक सह सलाहकार डॉ सुधीर यादव, मुख्य लेखा एवं वित्त अधिकारी अरविंद यादव, कुलपति डॉ एसके शर्मा, कुलसचिव डॉ श्रीरमण दुबे सहित सभी संभाग के अध्यक्ष, प्राध्यापक, अध्यापक एवं अध्ययनरत विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए अपने उद्घाटन सह स्वागत संबोधन में विश्वविद्यालय डीन-छात्र कल्याण डॉ आरती गुप्ता ने क्रमबद्ध कार्यक्रम का परिचय देते हुए विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में भागीदार होने का आह्वान किया और आगे की कार्यक्रम सञ्चालन हेतु मंच संचालक को अग्रसारित किया । इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण पैरामेडिकल छात्रा आस्था द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति रही। सह-कुलाधिपति सह संस्थापक रामजी यादव ने अपने उद्बोधन की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बैद्यनाथ यादव को नमन करते हुए किया। इस क्रम में रामजी यादव ने विश्वविद्यालय के पिछले छह वर्षों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किये और सभागार में उपस्थित सभी सदस्यों को विश्वविद्यालय के कई यादगार लम्हों को साझा किये। विश्वविद्यालय संस्थापक रामजी यादव ने वर्तमान में उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए उत्कृष्टता का प्रतीक नैक मान्यता के लिए वचनबद्दता प्रकट किये और सभी को भरोसा दिलाया कि विश्वविद्यालय आगामी अकादमिक सत्र तक नैक मान्यता प्राप्त कर लेगा। इस दौरान रामजी यादव ने विश्वविद्यालय के भविष्य के योजनाओं को भी साझा किया और बताया कि आगामी वर्षों में विश्वविद्यालय अपना एक अलग मेडिकल कॉलेज के सञ्चालन को आरंभ करने जा रहा है और पुरे राष्ट्र में वाइबीएन विश्वविद्यालय अपनी पहचान एक अग्रणी चिकित्सा शिक्षा एवं सेवा प्रदान करने वाला संस्थान के रूप में करने में सफल रहेगा। अपने सांतवें स्थापना दिवस को मानते हुए विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालय एवं संकाय के विद्यार्थियों ने कई प्रकार के रंगा-रंग कार्यक्रम का आयोजन किये थे, जिसमें विश्वविद्यालय कल्चरल समिति का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रबंधन ने विश्वविद्यालय के सांतवें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर क्षेत्रीय जरूरतमंद लोगों के बीच उपहार स्वरुप वस्त्र वितरण किया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक प्रेरणा भारती ने दिया।

# आदित्य विजन के 150वें स्टोर का रांची में भव्य शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** आदित्य विजन के 150वें नये शोरूम का उद्घाटन एसडीए हॉस्पीटल बड़गाईं, थाना सदर, मारुति नेक्सा शोरूम के बगल में हुआ। आदित्य दिजन उपभोक्ता उपकरणों के लिए झारखंड, बिहार एवं उत्तर प्रदेश का एक विश्वसनीय और अपने बेहतरीन सर्विस तथा शानदार ऑफर्स के लिए जाना हुआ नाम है। आदित्य विजन ने अपना पहला शोरूम 1999 में पटना के तारामंडल के सामने शुरू किया, उसके बाद यह कारवां आज 2024 में अपने 150वें शोरूमों के साथ खड़ा है। आदित्य विजन के निदेशक निशांत प्रभाकर ने बताया कि आज हमने 150वें स्टोर झारखंडवासियों के सहयोग से लक्ष्य पूरा किया। आदित्य विजन बांबे स्टॉक एक्सचेंज में बिहार का सबसे पहला सूचीबद्ध इलेक्ट्रॉनिक रिटेल चेन है। आदित्य विजन का मंत्र है अदा करें छोटी किस्तों में सिर्फ मूल, ब्याज जाये बिल्कुल भूल। आदित्य विजन के निदेशक निशांत प्रभाकर ने बताया कि यहां 36 आसान लंबी मासिक किश्तों पर ब्याज मुक्त फाइनांस की सुविधा हम देते हैं और डेबिट कार्ड द्वारा पेपर लेस फायनांस की सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं। आदित्य विजन ग्राहकों को जीरो रुपये डाउन पेमेंट पर मनचाहा प्रोडक्ट घर ले जाने के साथ हाथों हाथ डिलीवरी तथा मोबाइलों पर सुपर एक्सचेंज ऑफर मुहैया करा रही है, जिसके अंतर्गत ग्राहक अपने पुराने किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की अच्छी कीमत पाकर नया ले जा सकते हैं। यहां प्रतिष्ठित बैंकों एचडीएफसी आइडीएफसी फर्स्ट, आइसीआइसीआइ तथा बजाज द्वारा हाथों-हाथ आसान किश्तों में सभी उपकरणों के लिए लोन की सुविधा उपलब्ध है। इसके अंतर्गत बजाज फायनेंस के ग्राहकों के लिए एक इएमआई आदित्य विजन देगी। साथ ही अपने ग्राहकों के लिए 7500 रुपये तक का कैशबैक दे रही है। ग्राहक मात्र 1 रुपये के डाउन पैमेंट पर अपनी पसंद के कोई भी उपकरण घर जे जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त 10 प्रतिशत तक इस्टेंट डिस्काउंट भी दिया जा रहा है तथा यह ऑफर क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड पर लागू है। आदित्य विजन अपने ग्राहकों को 20 प्रतिशत तक का कैशबैक भी दे रही है।


इसमें सभी सम्मानित कंपनियों के होम उपकरण जैसे - एलजी, सैमसंग, सोनी, व्हर्लपूल, वोल्टास, हिताची, डाइकिन, ब्लू स्टार हावेल्स, लॉयड, हायर, गोदरेज, टीसीएल, पानासोनिक, आइएफबी, सिंफोनी, कैनस्टार, बजाज, कैरियर, ओ जेनेरल, बोस, मॉर्फी रिचर्ड, उषा, स्मिथ, रेकॉल्ड, वीगी, फेबर, फिलिप्स, वी-गार्ड, केंट मिनरल आरओ, आसूस तथा लैपटॉप एवं स्मार्टफोन श्रृंखला में एचपी, डेल एस्सार, नोकिया, एप्पल, सैमसंग, वीवो, रेडमी, ओप्पो, रियलमी इत्यादि एप्लाएंसेजों का संगम स्थल है। आदित्य विजन अत्यधिक रियायती दरों पर आइफोन, सैमसंग, वीवो, ओपो, एप्पल वाच तथा लैपटॉप दे रही है तथा इसके साथ ही 2499 रुपये का किसी भी लैपटॉप के साथ वायरलेस की बोर्ड एवं माउस फ्री दे रही है। अधिक जानकारी के लिए आदित्य विजन का सेवा नं 9955555544 उपलब्ध है।

## बैंक अधिकारी बन कर ठगी करनेवाले पांच आरोपित दोषी करार

रांची (आजाद सिपाही)। स्पेशल पीएमएलए कोर्ट ने बैंक अधिकारी बन कर करोड़ों की ठगी करनेवाले पांच लोगों को शनिवार को दोष करार दिया। सभी दोषियों की सजा 23 जुलाई को सुनायी जायेगी। स्पेशल कोर्ट के जज पीके शर्मा ने गणेश मंडल, उसके पुत्र प्रदीप मंडल, संतोष मंडल, उसके पुत्र पिंटू मंडल और अंकुश कुमार मंडल को दोषी करार दिया है। चार दोषी जमानत पर थे, जिन्हें कोर्ट के आदेश के बाद हिरासत में ले लिया गया, जबकि एक दोषी अंकुश मंडल पहले से ही देवघर जेल में बंद है। सभी दोषियों पर फर्जी पते पर सिम कार्ड लेने और बैंक अधिकारी बन कर लोगों को कॉल करके साइबर अपराध करने का आरोप सिद्ध हुआ है। इडी ने इस मामले के ट्रायल के दौरान कुल 24 गवाह कोर्ट में प्रस्तुत किये।

## महत्वपूर्ण खबरें

## हाजी एहसान अंसारी मेमोरियल मेडिकल कैंप में नि:शुल्च जांच



ओरमांझी (आजाद सिपाही)। शनिवार को हाजी एहसान अंसारी मेमोरियल मेडिकल कैंप की ओर से फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में नि:शुल्क हेल्थ मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया जिसमें राज्य के मेदांता अस्पताल, इरबा के प्रशिद्ध डॉ गगनजीत कौर, डॉ निलेश मिश्रा, अमुल्या स्वाति, डॉ कृष्णा कुमार दास, डॉ विजय कुमार सिंह, डॉ मुकेश अग्रवाल, डॉ रवी रौशन, स्पर्श आई केयर हॉस्पिटल के डॉ स्वाति सिंह, एवं फ्लोरेंस डेंटल केयर से डॉ नाजनीन कौशर द्वारा मरीजों का नि:शुल्क उपचार किया गया। जिसमें नि:शुल्क मोतिया बिंद का ऑपरेशन, रक्त दान, दवाइयों का मुफ्त वितरण किया गया। कमेडिकल हेल्थ कैंप में इसीजी, ब्लड ग्रुपिंग, ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर का जांच भी मुफ्त में की गयी। इसके साथ-साथ ब्लड डोनेशन कैंप भी लगाया गया। जिसमें 48 यूनिट ब्लड डोनेट के माध्यम से जमा किया गया। मौके पर मुख्य रूप से संस्थान के सचिव जीनत कौशर, निदेशक डॉ शाहीन कौशर, आशुतोष, सत्य प्रकाश हिमांशु, शकील परवेज, सादिक अंसारी, कलाम अंसारी, ज्योति कुमारी, एजाज अहमद, प्रफुल्लित, जन्नत परवीन, पवन कुमार प्रशांत कुमार, शुभम कुमार, अबूजर आदि उपस्थित थे।

## श्री चैती दुर्गा मंदिर में प्रसाद लेने उमड़े श्रद्धालु



रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को श्री चैती दुर्गा मंदिर, भुतहा तालाब में प्रत्येक शनिवार की भांति इस शनिवार को भी भोग वितरण किया गया। हजारों की संख्या हजारों के संख्या में भक्तगण ने भंडारे का महाप्रसाद प्राप्त किया और भुतहा तालाब में लंबी-लंबी कतारें लगी थीं। मंदिर के संस्था के संरक्षक विशाल कृष्णा के द्वारा भोग लगाया गया। जिसमें जिसमें खिचड़ी, अचार, चिप्स आदि भोग लगवाये गये। उसके बाद शंकर दुबे के द्वारा ही वितरण किया गया। श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष शंकर दुबे ने कहा कि यह सेवा जारी रहेगा। इस वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित महासमिति के अध्यक्ष शंकर दुबे, मुख्य संरक्षक किशोर साहू, श्री रमेश सिंह, महामंत्री गोपाल पारीक, कोषाध्यक्ष संजय सिंह (लल्लू सिंह), राहुल सिंह, विशाल कृष्णा, शेखर गुप्ता, दिलीप गुप्ता, राजू चौरसिया, महेंद्र वर्मा, जय कांत चौधरी, नमन भारतीय, राहुल रजक, संजय तिवारी, करण सिंह, मोहित रजक, आयुष रजक (पवन), आकाश रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आशीष रजक, अभिषेक रजक(बाबू), प्रियांशु वर्मा, सौरभ रजक, शेखर रजक, आयुष वर्मा, यश वर्मा आदि एवं गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

## शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम से मिला एमएसीपी संघर्ष मोर्चा



रांची (आजाद सिपाही)। एमएसीपी संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल राज्य के सभी प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों को राज्य कर्मचारियों के समान एमएसीपी लागू करने की मांग को लेकर झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री श्री वैद्यनाथ राम से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को एमएसीपी के मांग के समर्थन में ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में अमरनाथ झा, अमीन अहमद, विजय बहादुर सिंह, अरुण कुमार दास, आशुतोष कुमार, राम कुमार झा, संजीव कुमार एवं मो० फखरुद्दीन शामिल रहे।

## झारखंड के शिक्षकों को भी एमएसीपी का लाभ दे सरकार : संयुक्त शिक्षक मोर्चा

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा का एक शिष्टमंडल झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो से मिल कर राज्य के तीनों संवर्ग के प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों के लिए एमएसीपी का लाभ दिये जाने का आग्रह किया। इसके साथ ही राज्य के मुख्यमंत्री सहित सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, निदेशक, प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा को भी ज्ञापन की प्रति दी गयी है। मोर्चा के पदाधिकारी जल्द इस संबंध में मुख्यमंत्री से मिलकर उनके समक्ष अपनी मांग रखेंगे, ताकि राज्य कर्मियों की तर्ज.पर एमएसीपी का लाभ शिक्षकों को भी झारखंड में मिल सके। संघ के प्रदेश संयोजक अमीन अहमद एवं प्रवक्ता अरुण कुमार दास ने कहा कि झारखंड राज्य में वर्षों से कार्यरत प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों को जटिल एवं अस्पष्ट प्रोन्नति नियमावली के कारण विभिन्न कोटि में प्रोन्नति अब तक लंबित है, जिससे शिक्षक अपने मौलिक पद से बिना कोई अतिरिक्त पद लाभ या प्रोन्नति मिले ही सेवानिवृत्त होते जा रहे हैं। विभागीय पत्रांक 2122 दिनांक 01/08/2022 से स्वत स्पष्ट है कि राज्य के शिक्षक भी राज्य कर्मी हैं इसलिए उन्हें भी राज्य के अन्य कर्मियों के तरह इसका लाभ मिलना चाहिए। पूर्ववर्ती राज्य बिहार के शिक्षकों को भी उनके अन्य राज्य कर्मियों के समान एम० ए० सी० पी० का लाभ मिल रहा है। झारखंड में तीनो संवर्ग के शिक्षकों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है जबकि यहाँ कार्यरत लिपिक वर्गीय कर्मियों को इसका लाभ मिल रहा है। राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याण विभाग के विद्यालय एवं नेतरहाट विद्यालय के शिक्षकों को भी एम० ए० सी० पी० का लाभ मिल रहा है, ऐसे दोहरी नीति का हम विरोध करते हुए राज्य के तीनों संवर्ग के शिक्षकों को भी एम० ए० सी० पी० देने की जल्द घोषणा की मांग करते हैं। झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के प्रतिनिधियों में प्रदेश स्योजक अमीन अहमद, विजय बहादुर सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार दास, आशुतोष कुमार, राम कुमार झा, मकसूद जफर हादी, डॉ० वकील अहमद रिजवी सहित अन्य शामिल थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW




## महत्वपूर्ण खबरें

## लाठीचार्ज कर सरकार ने हठधर्मिता का परिचय दिया है : धर्मेंद्र तिवारी



रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि सहायक पुलिस कर्मियों पर राज्य सरकार के पुलिस प्रशासन द्वारा लाठी बरसाना दुखद है। भारतीय जनतंत्र मोर्चा इसका विरोध करती हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ वार्ता कर रहे हैं कि हम आपको 1 साल का एक्सटेंशन देंगे और 25 प्रतिशत वेतनमान बढ़ायेंगे। सहायक पुलिसकर्मियों को विगत 7 वर्षों से सरकार द्वारा बेवकूफ बनाया जा रहा है। दूसरी तरफ महा गठबंधन की सरकार ने छत्तीसगढ़ में इसी नीति के तहत उनको स्थाई किया। हेमंत सोरेन सरकार को उन्हें स्थाई करना चाहिए ना की लाठी चलानी चाहिए। यह निंदनीय है मानवता के खिलाफ है। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष रात में सहायक पुलिस कर्मियों से मिलकर कहा कि हम सत्ता में आयेंगे तो पहला काम यह करेंगे कि सहायक शब्द को हटा देंगे। यानी उन्होंने क्लियर नहीं किया कि हम आपको स्थायी कर देंगे। सहायक पुलिसकर्मी भारतीय जनता पार्टी के मारे हुए हैं। हेमंत सरकार के पास जो समय बचा है समय का सदुपयोग कर झारखंड आदिवासी और मूल निवासी के लिए हितकर कम कर व्यवस्था को आगे बढ़ायें। उन्होंने कहा कि पारा शिक्षक अपने वेतनमान के लिए सड़क पर उतरे सहायक शिक्षक खाली हाथ रिटायर हो रहे हैं। इनको देने के लिए सरकार के पास कुछ भी नहीं है। चुनाव से पूर्व हेमंत सरकार ने वेतनमान देने का वादा किया था। आज लाठीचार्ज कर सरकार ने हठधर्मिता का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में जो भी नियुक्तियां हुई हैं उसे स्थाई किया जाये। और संविदा पर काम कर रहे हैं उसे भी स्थाई किया जाये।

## उलगुलान मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिलेगा

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड उलगुलान मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर अपनी मांग रखेंगे। मोर्चा के अध्यक्ष रवि पीटर ने कहा कि झारखंड सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन से आदिवासी मूलवासियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जल्द ही मुलाकात करेंगे। इसमें सरकार के समक्ष पांच सूत्री मांग रखेंगे। इसमें प्रमुख मांग है पेसा कानून शक्ति से लागू किया जाये। स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति खतियान, भाषा, संस्कृति एवं ग्राम सभा के अनुशंसा के आधार पर लागू किया जाये। सरकारी एवं गैर सरकारी सभी शैक्षणिक संस्थाओं और कारखाने में झारखंड वासियों को 90 प्रतिशत भागीदारी सूचित किया जाये और सभी अनुबंध पर कार्य कर रहे कर्मचारियों को स्थाई किया जाये। गांव एवं शहरी क्षेत्र के सभी महाविद्यालय में 10+2 की शिक्षा अनिवार्य किया जाये। सूखा ग्रस्त क्षेत्र को मुआवजा कि राशि बढ़कर प्रत्येक एकड़ 10000 रुपये किया जाये।

## ट्राइफेड ने सावन मेला का आयोजन किया



रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ (ट्राइफेड) ने शनिवार को कांके स्थित एस्टोर ग्रीन ट्राइडसन इंडिया परिसर में सावन मेला का आयोजन किया। दो दिवसीय मेला 22 जुलाई तक चलेगा। इसमें झारखंड बिहार सहित अन्य प्रदेश के आदिवासी कलाकारों द्वारा हस्तनिर्मित कलाकृति का प्रदर्शन किया गया। मेला का उद्घघाटन समीर उरांव द्वारा किया गया। यह पहल आदिवासी समुदायों के उत्पादों के विपणन के माध्यम से उनके सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और समर्थन देने के लिए ट्राइफेड के चल रहे प्रयासों का हिस्सा है। इस अवसर पर झारखंड बिहार ट्राइफेड के क्षेत्रीय प्रबंधक शैलेंद्र कुमार राजू और झारखंड प्रदेश एससी/ एसटी डेवलपमेंट कारपोरेशन के निदेशक भूपेश कुमार नायक उपस्थित थे।

## लोक सेवा समिति ने पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया

रांची (आजाद सिपाही)। लोक सेवा समिति ने पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण कार्यक्रम शनिवार को संत मिखाइल नेत्रहीन उच्च विद्यालय से किया। इसमें कई पौधों को लगाया गया एवं उसके संरक्षण और जागरूकता के लिए शपथ भी ली गयी। लोक सेवा समिति द्वारा संकल्प लिया गया कि समाज को हम जागरूक करेंगे और पौधारोपण कार्य पूरे झारखंड राज्य में किया जायेगा। साथ ही इसके संरक्षण में हर संभव प्रयास किया जायेगा। जिस तरह ग्लोबल वार्मिंग और वातावरण प्रदूषित हो रहा है इसको देखते हुए सभी से अपील करते हैं की वह अपने परिवार की तरफ से हर घर या मोहल्ला चौक या गांव में एक पेड़ जरूर लगायें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद, मसूद आलम, राजकुमार, प्रदीप टूटी, पंकज, धीरज कुमार, प्रमोद साईं, सौरभ भगत सहित अन्य मौजूद थे।

## गणेश वंदना से शुरू होगा सावन महोत्सव पहाड़ी मंदिर में भव्य महोत्सव की तैयारी पूरी

रांची (आजाद सिपाही)। रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति के द्वारा भव्य सावन महोत्सव को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो गयी है। सनातनी विधि-विधान से रविवार संध्या 4 बजे गणेश वंदना के साथ होगी। इसमें शिव-पार्वती के जीवंत स्वरूप होंगे और अतिथियों के द्वारा सावन महोत्सव का शुभारंभ किया जायेगा । रांची पहाड़ी मंदिर में आने वाले सभी शिव भक्तों की सुरक्षा एवं बेहतर सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा। सभी के लिए शुध्द पेयजल की व्यवस्था होगी। सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया हैं अपने छोटे बच्चों के पॉकेट में उसका नाम, फोन नंबर और घर का पता लिख कर डाल दे। आज के बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष एनएन पांडेय, सचिव राकेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, वित्त प्रभारी राजेश साहू, प्रवक्ता बादल सिंह, सुनील गुप्ता, राजकुमार तलेजा,पलटू दा, प्रदीप सहित अन्य शिव भक्त मौजूद थे।

## पासवा ने आरटीइ की कठिन शर्तों और जमीन की बाध्यता पर संशोधन अध्यादेश लाने की मांग की

रांची (आजाद सिपाही)। पासवा की रांची नगर अध्यक्ष डॉ सुषमा केरकेट्टा ने आरटीइ की कठिन शर्तों और जमीन की बाध्यता पर संशोधन अध्यादेश लाने की मांग की है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम से मांग की कि पिछली सरकार द्वारा आरटीई की कठिन शर्तों को निरस्त करें। इस नियम से झारखंड के निजी विद्यालयों के लाखों शिक्षक, शिक्षिका व गैर शैक्षिक कर्मी बेरोजगार जायेंगे। डॉ सुषमा ने कहा कि जल्द ही पासवा का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से मिलकर निजी विद्यालयों की समस्या और आरटीई की कठिन शर्तों को निरस्त करने के लिए अनुरोध करेगा।



शनिवार को गृहमंत्री अमित शाह का रांची स्थित भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर स्वागत करते हुए आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो।

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने पारा शिक्षकों पर लाठीचार्ज की निंदा की

# लाठी के बल पर पारा शिक्षकों की आवाज को दबाना चाहती है सरकार : संजय सेठ



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने हेमंत सरकार की पुलिस द्वारा आंदोलन कर रहे पारा शिक्षक पर लाठी चार्ज की घटना को शर्मनाक बताया है। इस घटना की कड़ी शब्दों में निंदा की है। पारा शिक्षक विगत कई दिनों से अपनी मांगों को लेकर आंदोलित हैं। शनिवार को शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे पारा शिक्षक जिसमें महिला कर्मी भी शामिल थी हेमंत सरकार ने जिस बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज कर पारा टीचर को बुरी तरह से पीटा यह बेहद ही शर्मनाक है। इस लाठीचार्ज में कई पारा शिक्षक को गंभीर चोटें आयीं हैं हेमंत सरकार डंडे का भय दिखाकर शासन करना चाहती है। हेमंत सरकार का दमनकारी चेहरा सामने देखने को मिल रहा है। कल भी इसी तरह सहायक पुलिस कर्मियों को पीटा गया आज पारा शिक्षक को। यह झारखंड के लिए शर्म की बात है झारखंड की सरकार अहंकार में डूबी हुई है। हेमंत सरकार संवेदहीनता के साथ बैठी है उनकी नजर पारा शिक्षकों की संवेदना पर नहीं पड़ रही है। यह सरकार गूंगी बहरी सरकार है। आने वाले चुनाव में इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जनता तैयार बैठी है। इसका खामियाजा झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस को भुगतना होगा। लाठी का भय दिखाकर लोगों की आवाज को यह सरकार नहीं दबा सकता।

### भाजपा की सरकार आते ही 'सहायक' शब्द हटा लिया जायेगा : बाउरी



रांची। हेमंत सरकार की लाठी से लहूलुहान हुए सहायक पुलिसकर्मियों ने अपनी मांगों के समर्थन में शनिवार को एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के साथ सहायक पुलिसकर्मियों की विस्तार से चर्चा हुई। इस मौके पर श्री बाउरी ने कहा कि भाजपा यह वादा करती है कि राज्य में भाजपा की सरकार आने के उपरांत इन आंदोलनरत पुलिसकर्मियों के पदनाम से 'सहायक' शब्द हटा लिया जायेगा।

## लाठी और गोली की सरकार नहीं चलेगी: दीपक प्रकाश

**राज्य की जनता आने वाले चुनाव में हेमंत सरकार की निरंकुशता का जबाब देगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पारा शिक्षक लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। झारखंड पुलिस के द्वारा शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे पारा शिक्षकों पर की गयी लाठी चार्ज पर भाजपा ने विरोध जताया।

झारखंड भाजपा के निवर्तमान अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने लाठी चार्ज का विरोध करते हुए कहा कि झारखंड की इंडी गठबंधन की बहरी-गूंगी सरकार पारा शिक्षकों की मांगों को विचार करने या फिर उनसे शांतिपूर्ण वार्ता करने के बजाय सरकार अपनी क्रूरता को प्रदर्शित कर रही है।



झारखंड की इंडी गठबंधन की सरकार हिटलरशाही पर उतर आयी है। हर शांतिपूर्ण आंदोलन को लाठी और गोली के सहारे दबाना चाहती है। अभी सहायक पुलिसकर्मियों की पीठ पर लाठी बरसाने के बाद भी हेमंत सरकार की मन नहीं भरा और हिम्मत कम नहीं हुई तो आज पारा शिक्षकों के ऊपर आंसू गैस के गोले बरसा रही है। इंडी गठबंधन सरकार में झारखंड के लोगों को सड़कों पर उतरकर अपने अधिकारों के लिए भीख मांगना पड़ रहा है। राज्य की क्रूर, अहंकारी, अत्याचारी शासक निहत्थे असहाय झारखंडवासियों पर लाठी और गोले दाग कर निरंकुशता की सीमा को पार कर रही है। श्री प्रकाश ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा अपने निश्चय पत्र में की गयी घोषणा की याद दिलाते हुए कहा कि चुनाव से पहले झामुमो वोट लेने की लिए समान काम के लिए समान वेतन की घोषणा की थी तथा सहायक पुलिस कर्मियों एवं होमगार्ड के जवानों के लिए पुलिस भर्ती में 50 प्रतिशत पद आरक्षित रखने की बात की थी। लेकिन सत्ता हासिल होने के बाद ही झामुमो एवं कांग्रेस की सरकार अपने वादों से पलट गयी। राज्य की जनता यह सब देख रही है और आने वाले विधानसभा के चुनाव में हेमंत सरकार से इस क्रूरता का बदला लेगी।

## विद्यालयों को बचाने के लिए जन आंदोलन की जरूरत पड़ेगी : अरविंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**झारखंड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के कमेटी का पुनर्गठन स्कूल के मान्यता के लिए संशोधित नयी नियमावली का विरोध**

**रांची।** झारखंड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक हुई। शनिवार को रांची के करमटोली स्थित प्रेस क्लब में आयोजित बैठक में एसोसिएशन के कमेटी का पुनर्गठन किया गया। इसमें फिर से अरविंद कुमार को अध्यक्ष चुना गया।

पुनर्गठित नयी कमेटी में महासचिव मोजहिद्दुल इस्लाम, कोषाध्यक्ष आलोक विपिन टोप्पो, संगठन सचिव रणधीर कुमार कौशिक, उपाध्यक्ष कैलाश कुमार, अमीन अंसारी, सुभोजित अधिकारी, सचिव, नीलम शर्मा सचितानंद कुमार, मजीद अंसारी, सुभाष कुमार, गिडिओन एक्का सह कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, कार्यकारिणी सदस्य अब्दुल बारीक, हेमंत कुमार तिवारी, राम जीत साहू को चुना गया। वहीं बैठक में राज्य सरकार द्वारा स्कूल की मान्यता के लिए संशोधित नयी नियमावली का विरोध किया। अरविंद कुमार ने कहा कि झारखंड के विभिन्न निजी विद्यालय के संगठन द्वारा संशोधित नियमावली को निरस्तीकरण के लिए याचिका दायर की गयी है। इसकी सुनवाई आगामी 23 जुलाई 2024 को होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि यदि कोर्ट का निर्णय स्कूल के हित में होती है तो एसोसिएशन उसका समर्थन करेगी। यदि विरोध में हुआ तो सुप्रीम कोर्ट भी जाने की तैयारी की जायेगी। उन्होंने कहा कि विद्यालयों को बचाने के लिए जन आंदोलन की जरूरत पड़ेगी तो वह भी किया जायेगा। इस मौके पर में कैलाश कुमार, सुभोजित अधिकारी, नीलम शर्मा, मुकेश कुमार सिंह, सचितानंद कुमार, मजीद आलम, हेमंत तिवारी, अब्दुल बारीक, नूर हसन उस्मानी, महताब आलम, गुलाम गौस, रवि प्रकाश गोप, मनीषा टोप्पो, लक्ष्मी कुमारी, नूतन टोप्पो, पिंकी उषा टोप्पो, शालिनी तिर्की, परिणीता तिर्की, गिदीओन एक्का, गौतम कुमार, सतीश राम, पुरुषोत्तम सिंह, रत्नेश राज सहित अन्य मौजूद थे।

## राज्य सरकार आंदोलन को कुचलना चाहती है: विजय शंकर नायक



**रांची।** संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विजय शंकर नायक ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार लाठी, आंसू गैस के माध्यम से दमन कर आंदोलन को कुचलना चाहती है जिसे झारखंडी समाज कदापि बर्दाश्त नहीं करेगा। उक्त बातें विजय शंकर नायक ने शनिवार को पारा शिक्षकों के शांतिपूर्वक ढंग से किये जा रहे आंदोलन पर लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोला छोड़े जाने पर अपनी प्रतिक्रिया में कहीं। उन्होंने कहा कि सरकार अब यह नहीं चाह रही है कि राज्य में कोई अब सरकार के खिलाफ आंदोलन करे। पारा शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं पर भी लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़े गये जिससे यह प्रतीत होता है कि सरकार दमनकारी नीति के तहत सभी आंदोलन को अब कुचलना चाहती है।


पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई.निविदा सं० :** पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन–12–24–25 दो पैकेट सिस्टम, **क्रम सं. : 1. कार्य का नाम :** पीईएच–एसडीबीएच दोहरीकरण के निर्माण एवं पीईएच, एसडीबीएच, एसएनएमबाई, आरजेकेई और पीकेए यार्ड के कार्य सहित एसडीबीएच–एसएनएमबाई दोहरीकरण के निर्माण के संबंध में ब्लॉक सेक्शन में ट्रैक को जोड़ने, पीकेए यार्ड, एसडीबीएच यार्ड, आरजेकेई यार्ड, पीईएच यार्ड आदि की यार्ड रिमोडलिंग, बेल्डिंग, पी.वे सामग्री का परिवहन, गिट्टी की आपूर्ति, एसईजे की स्थापना आदि सहित स्थायी कार्य से संबंधित ट्रैक कार्य। **अंकलित मूल्य (रु.) :** 18,54,63,688.20, **बोली प्रतिभूति (रु.) :** 10,77,300.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 18 महीने, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** 08.08.2024, 15:30 बजे

ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा कुचले गये। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण वेबसाइट: http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। द्रष्टव्य: निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण
पूर्व मध्य रेलवे, महेंद्रूघाट, पटना
पीआर/00726/कॉन/इंजी०/टी/24–25/48


## जमीन की हेराफेरी को लेकर हेमंत सोरेन सरकार जारी करे श्वेत पत्र: अर्जुन मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि झारखंड में सीएनटी-एसपीटी एक्ट को दरकिनार कर बिचौलियों और दलालों ने लूट-पाट मचायी है। इस पर राज्य सरकार को श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। पेपर लीक की घटनाएं सामने आ रही हैं। युवाओं का भविष्य अंधकार में है। 7000 से अधिक दुष्कर्म की घटनाएं हो चुकी हैं। इस पर राज्य सरकार को श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। वे शनिवार को भाजपा की विस्तृत कार्यसमिति की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गरीब जनता को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। ये सरकार गांव में पीने का पानी भी नहीं दे सकी, जबकि केंद्र से पैसा मिलता है। घोटालों में अव्वल दर्जे की है सरकार। बालू में लाखों, करोड़ों और अरबों का खेल चल रहा है।

## गंभीर मुद्दों पर बात की बजाय इधर-उधर भटका रहे हैं अमित शाह: बंधु

**सांप्रदायिकता के बल पर चुनाव जीतना चाहती है भाजपा: बंधु**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी अब सांप्रदायिकता, ध्रुवीकरण और भ्रष्टाचार के नायक बन चुके अपने तीन-चार प्रमुख नेताओं के बल पर झारखंड में विधानसभा चुनाव को जीतना चाहती है। श्री तिर्की ने कहा कि ऐसा मंसूबा पालनेवाले भाजपा नेताओं को अब यह समझना चाहिए कि झारखंड वैसी जमीन है, जहां सांप्रदायिक सद्भाव और आपस में एकजुटता कूट-कूट कर भरा है और यहां भाजपा नेताओं की दाल नहीं गलने वाली चाहे वह अमित शाह हों या फिर शिवराज सिंह चौहान और हिमंता बिस्वा सरमा, लक्ष्मीकांत वाजपेयी, बाबूलाल मरांडी जैसे भाजपाई नेता।

आज रांची में भाजपा झारखंड प्रदेश की विस्तृत कार्यसमिति की बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा दिये गये वक्तव्य पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री तिर्की ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के रांची दौरे के दौरान यह भरोसा था कि वे केंद्र पर बकाया झारखण्ड के उस 1 लाख 34 हजार करोड़ रुपये को झारखंड को देने के मामले में कोई ऐसा वक्तव्य देंगे, जिससे यहां एक सकारात्मक वातावरण पैदा होगा और झारखंड के लोगों को यह विश्वास होगा कि भारतीय जनता पार्टी हाल के लोकसभा चुनाव में मिले झटके के बाद अब अपनी गलती को सुधारना चाहती है, लेकिन श्री शाह ने जैसा भाषण दिया है उससे यह स्पष्ट है कि भाजपाई नेता केवल और केवल सांप्रदायिकता और ध्रुवीकरण के रास्ते पर आगे बढ़ते हुए ही चुनाव जीतना चाहते हैं।

### दरियादिली : मेडिका कर रहा है 'मासूम धड़कन' के तहत एक नयी पहल

# 20 से अधिक दिल में छेद के रोगियों का होगा निशुल्क ऑपरेशन

**आर्थिक कमजोरी अब दिल की चिकित्सा में बाधक नहीं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मेडिका हॉस्पिटल और भगवान महावीर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, जैन समाज के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को मासूम धड़कन कैंप का शुभारंभ हुआ। इस पहल का उद्घाटन जाने-माने हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ. हेमंत नारायण ने किया। इस कैंप के दौरान, दो दिनों में 20 से अधिक ऐसे मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया जायेगा जिनके दिल में छेद है। मेडिका के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. विजय मिश्र ने कहा कि मेडिका अपने सामाजिक दायित्व के प्रति सजग है। मुख्य अतिथि डॉ. हेमंत नारायण ने कहा कि कभी किसी भी कॉरपोरेट हॉस्पिटल ने ऐसी पहल नहीं की है। जैन समाज के अध्यक्ष पूरणमल जैन ने कहा कि संस्था हर उस नेक कार्य को करने के लिए प्रतिबद्ध है जो मानवता की सेवा के लिए जरूरी है। इस अवसर पर डॉ धनंजय ने कहा यह ऑपरेशन बिना किसी चीरफाड़ के किया जायेगा, जो मरीजों के लिए अधिक सुरक्षित और कम दर्दनाक होगा। डायरेक्टर आबिद तौकीर ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि ऐसी पहल समय-समय पर आयोजित होगी। उद्घाटन में डॉ. रोहित कुमार, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. आशुतोष ठाकुर, डॉ. दीपक चंद्र प्रकाश, डॉ. अलका, डॉ. अंजना गांधी, डॉ. राकेश अग्रवाल, डॉ. योगेश जैन, डॉ. विक्रम सिंह, डॉ, दीपक मल्लिक, विनय सरावगी, डॉ, आलोक जैन, सुरेश जैन, रामपाल जैन, अनिरुद्ध मुखर्जी, भारती ओझा विशेष रूप से उपस्थित थे।



## सीपीआइएम की झारखंड राज्य कमेटी की बैठक बुंडू में 23 जुलाई को होगी



अड़की (आजाद सिपाही)। अडकी के आर्या वन होटल में आज सीपीआईएम माकपा पार्टी द्वारा एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के प्रत्याशी सुरेश मुंडा ने संबोधित करते हुए कहा कि 23 जुलाई को सीपीआईएम की झारखंड राज्य कमेटी की बैठक बुंडू में होगी। 24 जुलाई को अड़की प्रखंड के कोटा गांव में कामरेड बुधन लाल मुंडा की मुरती का अनावरण किया जायेगा। पोलितब्यूरो सदस्य सह झारखंड प्रभारी वृंदा करात, सदस्य रामचंद्र डोम मुख्य रुप से उपस्थित रहेंगे। कामरेड बुधन लाल मुंडा पांच परगना क्षेत्र में गरीबों, दलितों और मेहनतकश लोगों के लिए लड़ते रहे, तमाड़ विधानसभा से चुनाव भी लड़े। तमाड़ पार्टी का संघर्ष का क्षेत्र रहा है, 2004 के बाद पार्टी प्रत्याशी नहीं उतारी थी, इस बार पुरे दम के साथ चुनाव लड़ेंगी। यहां नौजवानों को रोजगार चाहिए, स्थानीय नीति मिल बैठकर बननी चाहिए, यहां नियोजन नीती, शिक्षा की स्थिति खराब है इसमें परिवर्तन होना चाहिए।

## कल्याण गुरुकुल खूंटी के 13 छात्रों को दुबई में मिली नौकरी, प्राचार्य के प्रति जताया आभार



खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा प्रखंड के चद्रपुर स्थित कल्याण गुरुकुल से संयुक्त अरब अमीरात के दुबई गये गुरुकुल के 13 छात्रों को वहां नौकरी मिल गयी है। गुरुकुल से प्रशिक्षण पाने के बाद दुबई जाकर इन छात्रों ने काम शुरू कर दिया है और इसके लिए गुरुकुल के वरीय प्राचार्य केशव चंद्र मोहंती और अन्य लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए दुबई से फोटो शेयर किया है। छात्रों ने कहा कि गुरुकुल में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उनके जीवन में काफी बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के और युवकों को भी वहां प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए। दुबई में नौकरी कर रहे कुल के छात्र अक्षय कुमार, टल्फ्रेड भेंगरा, डॉक्र सिंकू, अथियस मुंडा, मुकेया प्रसाद, रवींद्र उरांव आदि ने प्राचार्य को बताया कि वे काफी खुश हैं और सुरक्षित वातावरण में काम कर रहे हैं।

## झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन आज

खूंटी (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अधिवेशन का आयोजन स्थानीय राजस्थान भवन में रविवार 21 जुलाई को किया जायेगा। अधिवेशन की सफलता को लेकर रविवार को खूंटी जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा बैठक आयोजित की गयी। इस संबंध में सम्मेलन के रोहित जैन ने बताया खूंटी मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में आयोजित होनेवाले प्रातीय अधिवेशन में खूंटी के अतिरिक्त रांची, गुमला, लोहरदगा, जमशेदपुर, सिमडेगा, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, धनबाद सहित अन्य जिलों के पदाधिकारी शामिल होंगे। उनकी अगुवाई खूंटी मारवाड़ी जिला सम्मेलन के अध्यक्ष श्रीपाल चंदी जैन करेंगे। उन्होंने बताया कि मारवाड़ी सम्मेलन का उद्देश्य समाज मे फैली कुरीतियों को समाप्त कर समाज मे एकता स्थापित करना है। सम्मेलन का उद्घाटन झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष विनय सरावगी, वर्तमान अध्यक्ष बसंत मित्तल और खूंटी जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्रीपाल चंद जैन संयुक्त रूप से करेंगे।

## सुरक्षा के प्रति उदासीन है केडीएच प्रबंधन: रविंद्र



निरीक्षण के दौरान सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य रवींद्रनाथ सिंह सहित अन्य।

खलारी (आजाद सिपाही)। केडीएच परियोजना खदान में शुक्रवार को हॉलपैक डंपर में आग लगने की घटना के बाद शनिवार को जनता मजदूर संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य रवींद्रनाथ सिंह के नेतृत्व में केडीएच खदान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद रविन्द्रनाथ सिंह ने पत्रकारों को बतलाया की केडीएच प्रबंधन सुरक्षा के प्रति उदासीन है। खदान का हॉल रोड, फेश, छोटी गाड़ियों के लिये अलग रास्ता, मशीन के रख रखाव की कमी पायी गई। उन्होने बताया कि निरीक्षण के क्रम खदान में प्राइवेट लेबर जो बिना सुरक्षा उपकरण लगाये काम पर पाये गये उन्हे टीम के जाने के बाद वहाँ से हटा दिया गया। टीम ने वर्कशॉप का भी निरीक्षण किया। साथ ही बिना सुरक्षा उपकरण लगाये काम कर रहे कर्मियों को अविलम्ब सुरक्षा उपकरण देकर काम कराने का निर्देष दिया गया। खदान निरीक्षण में परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह, खान प्रबंधक राघवेंद्र गांधी, सेफ्टी ऑफिसर पी बेहरा, एरिया सेफ्टी अधिकारी राकेश रंजन, एरिया सेफ्टी मेंबर गोलटेंन प्रसाद यादव, डीपी सिंह आदि मौजूद थे।

# खान सुरक्षा महानिदेशालय की टीम ने किया पिपरवार क्षेत्र का दौरा

**अशोक परियोजना के राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित होने पर की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



पिपरवार में बैठक करते खान सुरक्षा महानिदेशालय की टीम।

**पिपरवार।** खान सुरक्षा महानिदेशालय की टीम ने शनिवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। खान सुरक्षा महानिदेशालय के खान निर्देशक माधव राव के नेतृत्व में टीम मे डीजी एमएस, हिंडालको, युसी आईएल, सेल, ईसीएल, बीसीसीएल, आईएसओ और सीसीएल हेडक्वाटर की टीम शामिल थे। जानकारी के अनुसार खाद सुरक्षा महानिदेशालय की टीम के बचरा पहुंचने पर संगम विहार क्लब में पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार ने सभी अधिकारियों का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। साथ ही अंग वस्त्र और श्रीफल देकर सम्मानित किया। जिसके बाद संगम विहार के सभागार में टीम के सदस्यों ने स्थानीय अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में अशोक परियोजना के खान प्रबंधक संजय कुमार सिंह ने प्रोजेक्ट स्क्रीन के माध्यम से पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना कोयला खदान के बारे में विस्तार रूप से जानकारी दी। इस दौरान बैठक में टीम के सदस्यों ने कोयला खदान और मजदुरो की सुरक्षा से संबंधित कई बातों की जानकारी ली।

वक्ताओं ने कहा कि ऑल इंडिया वार्षिक खान सुरक्षा प्रतियोगिता 2024 के राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए पिपरवार एरिया के अशोक परियोजना का नाम चयनित किया गया है। जिसको लेकर खान सुरक्षा महानिदेशालय की टीम पिपरवार एरिया का दौरा कर अशोक परियोजना कोयला खदान के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार ने कहा कि पिपरवार एरिया में सुरक्षा मानकों का सख्ती के साथ पालन कराया जा रहा है। कोयला खदानों के साथ मजदूरों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखा गया है। मुख्य अतिथि खान निदेशक माधव राव ने कहा कि शून्य दुर्घटना के साथ बेहतर कोयला उत्पादन खान सुरक्षा महानिदेशालय की प्राथमिकता है। कोयला खदान और मजदूरों की सुरक्षा सर्वोपरि है। खान सुरक्षा के टीम लगातार सीसीएल के सभी क्षेत्रों का दौरा कर सुरक्षा मानको पर विशेष ध्यान दे रही है। बैठक का संचालन पिपरवार क्षेत्र के कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश गोपालन ने किया। इस मौके पर टीम के कन्वेयर खान निदेशक माधव राव, उप खान निदेशक पी हनुमंता राव, सदस्य प्रतीक कुमार, के भगत, बिपिन कुमार,मनोज कुमार, डॉ. झुलन मुखर्जी, आईएसओ मनीष मोहन, सीसीएल के जीएम सेफ्टी एसके सिंह सहित अन्य अधिकारी शामिल थे। इस मौके पर जीएम संजीव कुमार, स्टॉफ ऑफिसर ईएंडएम जेएन दत्ता, स्टॉफ ऑफिसर पीएंडपी डीके शर्मा, मैनेजर एसके सिंह, एसओपी नागेश गोपालन, स्टॉफ ऑफिसर माईनिंग सुभोजित हलदर, डीपी राय, जगदीश मंडल, निशांत कुमार, डॉ एफआर साह, अभाष त्रिपाठी, अरूण महतो, मिथिलेश शर्मा, शंभु शरण प्रसाद सहित कई अधिकारी मौजुद थे।

# समाज और राष्ट्र निर्माण में डीएवी का अहम योगदान: महाप्रबंधक

**डीएवी खलारी में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन, 50 प्रतिभाशाली बच्चों को किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता



सम्मानित होने वाले विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं।

**खलारी।** डीएवी पब्लिक स्कूल, खलारी में शनिवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि सीसीएल एनके एरिया महाप्रबंधक सुजीत कुमार ने विद्यालय प्राचार्य डॉ. कमलेश कुमार और अन्य अतिथियों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और डीएवी गान गाकर किया। इसके बाद प्रतिभा सम्मान समारोह में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा, डीएवी राष्ट्रीय खेल, सीबीएसई और खेलो इंडिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 50 प्रतिभाशाली बच्चों को ट्राफी देकर और उनके अभिभावकों को शॉल ओढ़ाकर मुख्य अतिथि सुजीत कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और प्राचार्य महोदय ने विद्यालय के सभी शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों को भी माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का निर्माण 14-15 वर्षों की कठिन मेहनत से होता है। इसमें विद्यालय के शिक्षकों की मेहनत तो होती ही है, साथ साथ माता-पिता, अभिभावकों का योगदान भी कम महत्वपूर्ण नहीं होता। व्यक्ति की सफलता में सभी का संयुक्त योगदान होता है। मुख्य अतिथि सुजीत कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि समाज और राष्ट्र निर्माण में शिक्षा के क्षेत्र में डीएवी विद्यालय का बहुत बड़ा योगदान है। मुख्य अतिथि ने शिक्षा के क्षेत्र में डीएवी स्कूल खलारी के योगदान की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने यहां के शिक्षकों और माता-पिता सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके संयुक्त प्रयास से ही विद्यार्थियों की प्रतिभा निखर कर बाहर आती है। इसके लिए वे सभी बधाई के पात्र हैं।

ज्ञात हो कि विद्यालय के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एस के मिश्रा और विद्यालय प्रबंधक डॉ जी एन खान ने इस कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों के लिए अपने शुभ आशीष भेजकर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों के द्वारा नृत्य, संगीत आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के सुपरवाइजरी हैड कंचन सिंह ने दिया। मंच संचालन विद्यालय के शिक्षक मुकेश कुमार रॉय ने किया।

# सभी योग्य लोगों को वन पट्टा दिलायें अधिकारी: उपायुक्त

**कार्यशाला में दी गयी वनाधिकार अधिनियम की जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखंड सरकार द्वारा वन अधिकार अधिनियम के तहत शनिवार को नगर भवन खूंटी के सभागार में अबुआ बीर दिशोम अभियान पर एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण और वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत जिले की उपलब्धि और कार्य योजना की जानकारी परियोजना निदेशक आइटीडीए ने दी। कार्यक्रम में उपायुक्त ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अबुआ बीर दिशोम अभियान के तहत वन अधिकार अधिनियम में जंगलों में रहने वाले अनुसूचित जनजाति समेत अन्य समुदाय के लोगों को वन पट्टा देकर उनका अधिकार दिलाने का कार्य कर किया जा रहा है। कार्यशाला के माध्यम से आप पूर्ण जानकारी प्राप्त कर प्राथमिकता के आधार पर एफआरए और सामुदायिक वन पट्टा निर्गत करने का कार्य करें। उन्होंने राजस्व और वन विभाग को आपस में समन्वय स्थापित कर एफआरए को लेकर भौतिक सत्यापन, ग्रामसभा समेत अन्य जरूरी कार्य ससमय पूरा करने का निर्देश दिया। डीसी नें अगले 20 दिनों तक मुहिम के तहत वन क्षेत्र में रह रहे योग्य लाभुकों को चिह्नित कर ग्रामसभा के माध्यम से आवेदन जेनरेट कर भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, परियोजना निदेशक आइटीडीए, डीसीएलआर, जिला कल्याण पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, अंचल निरीक्षक, राजस्व कर्मचारी, वनरक्षी, वन विभाग के कर्मी आदि उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री राजा पीटर ने जोजोहातू और बालालोंग गांव का दौरा किया, लोगों की समस्याएं सुनीं



अड़की (आजाद सिपाही)। पूर्व मंत्री राजा पीटर ने अड़की प्रखंड के जोजोहातु और बालालोग गांव का दौरा किया। जोजोहातु के बिरसा मुंडा उच्च विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने स्कूल की समस्याओं को सुना, जिसमें पिछले दो वर्षों से अनुदान न मिलने के कारण शिक्षकों को वेतन में कठिनाई हो रही है। वहीं, बालालोंग में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बिजली, सड़क और पेयजल की समस्याएं रखीं। राजा पीटर ने सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया और कहा कि वे संबंधित विभागों के समक्ष इन मुद्दों को उठायेंगे। ग्रामीणों ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

## गो हत्या के आरोप में चार गिरफ्तार

खूंटी (आजाद सिपाही)। रनिया थाना क्षेत्र के कर्रा टोंगरी टोली गांव में गो हत्या के आरोप में शनिवार को पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों में पीटर तोपनो उर्फ पलटन, सुजीत डहंगा, हिलारयुस टोपनो और तेज तोपनो शामिल हैं। गिरफ्तार सभी आरोपित कर्रा बडका टोली और मरचा मिशन के रहने वाले हैं। गिरफ्तार चारों पर गोवंशीयपशु की हत्या कर उसका मांस बेचने का आरोप है। जानकारी के अनुसार, मरचाकर्रा मरचा निवासी कृष्णा केसरी अपने गोवंशीय पशु को 19 जुलाई की रात अपने घर के निकट बंध कर रखा था। सुबह जबग प्रह्लाद केसरी चारा देने के लिए वहां पहुंचा, तो देखा कि मवेशी गायब है। शनिवार को खोजबीन करते हुए कर्रा टोंगरी टोली पहुंचने पर गोवंशीय पशु की निर्मम हत्या किए जाने की जानकारी मिली। पशुपालक द्वारा पुलिस को घटना की जानकारी दी गयी। घटना की जानकारी मिलते ही तोरपा अंचल के पुलिस इंस्पेक्टर अशोक सिंह और रनिया के थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल घटनास्थल पर पहुंचे और त्वरित कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर चारों आरोपितों ने घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार कर ली। उन्होंने बताया कि गो हत्या में देवनीस तोपनो भी शामिल था, जो घटना के बाद फरार है। पुलिस ने पशु चिकित्सक को बुलाकर गोवंशीय पशु के अवशेष को जमीन के अंदर से बरामद कर सैंपल जांच के लिए लैब भेजा है। इधर, चार आरोपितों की रिफ्तारी के विरोध में दर्जनों आदिवासियों ने मामला दर्ज कराने वाले पशुपालक के घर को रात को घेर लिया, पर पुलिस ने उन्हें समझा बुझाकर वापस भेज दिया।

## गुलाब महतो बने खूंटी जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष




खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी जिला कबड्डी संघ का शनिवार को चुनाव कराया गया। चुनाव में झारखंड राज्य कबड्डी संघ के सम्मी कुमार सिंह तथा रोहित शर्मा पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद थे। कबड्डी संघ की गठित कमेटी में विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा को मुख्य संरक्षक बनाया गया है। संघ में अध्यक्ष गुलाब महतो, उपाध्यक्ष सुरेश जयसवाल, प्रिंस साहू, चंपाय मुंडा और सीता कुमारी कों बनाया गया। सचिव पद पर शिव कुमार महतो, संयुक्त सचिव अजय महतो, करण काशी, कुणाल कुमार और अमित महतो और कोषाध्यक्ष सुमित कुमार कों बनाया गया। इनके अलावा अमन, मुकुट, पवन, सनी, राहुल, प्रियंका टॉपनो और पूनम को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

## पुलिस ने दो अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को किया जब्त



खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी पुलिस ने शनिवार को अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त किया है। बालू सपही नदी से लादे गए थे। थाना प्रभारी पुनि विजय कुमार सिंह ने बताया कि सपही नदी से बालू उठाव की सूचना मिल रही थी। कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल नदी तट पर ही बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त कर ली और थाना ले आई। खलारी थाना पुलिस द्वारा इसकी सूचना खलारी अंचल अधिकारी को दे दी गयी है। थाना प्रभारी ने कहा है कि क्षेत्र से बालू उठाव के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जायेगी।

## खूंटी में 20 जुलाई तक हुई महज 175 मिमी बारिश, किसानों को सता रही है अकाल की चिंता



डॉ राजन चौधरी।

खूंटी (आजाद सिपाही)। आषाढ़ महीनाा समापत होने को है, पर अब तक खूंटी जिले में औसत से काफी कम बारिश होने से किसानों को अकाल की आशंका सता रही है। कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ राजन चौधरी ने बताया कि इस वर्ष 20 जुलाई तक लगभग 175 मिमी वर्षा हुई है, जबकि जुलाई माह मे सामान्य वर्षा 334 मिमी होती है। कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ चौधरी ने किसानों को सलाह दी है कि वे मौसम के सक्रिय होने का इंतजार करें। इसके बाद धान की रोपाई करें, लेकिन किसी भी परिस्थिति में 35 दिनों से अधिक पुराने बिचड़े से धान की रोपाई नहीं करें, क्योकि देर से लगाने पर कल्ले कम निकलते है और प्रति इकाई क्षेत्र कम पौधे होने से उपज में भारी कमी आती है। देर से जब धान लगाना हो, तो कम अवधि की प्रजातियों का चयन करना चाहिए जो 110 से 120 दिन में तैयार हो जाते है। इनकी रोपाई करने की बजाय सीधी बुआई करने की सलाह किसानों को कृषि वैज्ञानिक दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वर्षा की स्थिति को देखते हुए इस अवस्था में दलहनी फसलों को लगायें जैसे अरहर, उड़द, मूंग आदि। डॉ चौधरी ने कहा कि इन फसलों को उसी जगह लगाना चाहिए, जहां जल निकासी की अच्छी व्यवस्था हो। इसके अलावा मक्का एवं तिल भी लगाना अच्छा रहेगा। आजकल किसानों को मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, सावा, मडुआ, कंगनी से भी बहुत अच्छा फायदा हो रहा है। अतः इस तरह के वातावरण में इन फसलों को लगाकर किसान अच्छा लाभ कमा सकते है। ठीक से देखभाल करने से उपज एवं लाभ में कोई कमी नहीं होती है। जो किसान आम, लीची, अमरूद, केला, आवला, कटहल इत्यादि फल के नए बाग लगाना चाहते है, उन्हें भी सलाह दी जाती है की मानसून के सक्रिय होने के बाद ही नए बाग लगायें। जिन किसानों ने पपीता के पौधे अभी हाल में लगाये हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि लगातार हल्की सिंचाई करें। संभव हो तो अत्यधिक धूप से बचाने का भी उपाय करें।

# जगह-जगह निकाला गया मशाल जुलूस और फूंका सीएम का पुतला

## जेबीकेएसएस ने निकाला मशाल जुलूस




ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक में शनिवार को जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्यों के द्वारा केंद्रीय कमिटी के निर्देशानुसार प्रखंड कमिटी के द्वारा सहायक पुलिस कर्मियों के ऊपर शुक्रवार को हुए लाठीचार्ज और छात्र नेता सह रांची लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो के ऊपर लाठीचार्ज के विरोध में मिलन चौक से सितु बाजार तक मशाल जुलूस निकाला गया। सितु बाजार के समीप सदस्यों के द्वारा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का भी पुतला जला कर विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर सक्रिय सदस्य प्रेमचंद महतो,उपमुखिया हाराधन महतो, त्रिलोचन महतो, मुकेश, लक्ष्मीकांत आदि अन्य उपस्थित थे।

## खलारी में लाठीचार्ज के विरोध में किया पुतला दहन

खलारी (आजाद सिपाही)। जेबीकेएसएस कार्यकर्ताओं ने कहा कि शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास घेराव के दौरान सहायक पुलिसकर्मी और छात्र नेता देवेंद्र महतो के ऊपर किये गये लाठी चार्ज के विरोध में मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया है। पुतला दहन में मुख्य रूप से दीपक कुमार महतो, रविंद्र कुमार महतो, प्रमोद कुमार महतो, धर्मनाथ महतो, राजेंद्र महतो, कृष्ण कुमार, राजू, लखन, शिवम आदि अन्य शामिल थे।

## पिपरवार में सीएम का किया गया पुतला दहन



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र के पुरानीराय स्थित शहीद निर्मल महतो चौक में शनिवार की शाम झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के द्वारा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। इस संबंध में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के लोगों ने बताया कि अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे राज्य के सहायक पुलिस कर्मियों और छात्र नेता देवेंद्र महतो पर मुख्यमंत्री आवास घेराव के दौरान लाठी चार्ज किया गया। यह घटना काफी शर्मनाक है। अपनी हक और अधिकारों को लेकर आवाज उठाने वालों पर राज्य सरकार बर्बरतापूर्ण कार्रवाई कर रही है, इसके खिलाफ झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के द्वारा पुरजोर तरीके से विरोध करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला जलाया गया। वक्ताओं ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता इसका जवाब देने का काम करेगी। इस मौके पर झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के दीपक कुमार महतो, रविंद्र, प्रमोद, धर्मनाथ, राजेंद्र, कृष्ण, राजू सहित समिति के कई लोग मौजूद थे।

## सहायक पुलिसकर्मियों पर लाठीचार्ज की निंदा

खूंटी (आजाद सिपाही)। झाविमो के पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने झारखंड पुलिस द्वारा झारखंड के सहायक पुलिस कर्मियों पर बर्बरतापूर्ण लाठी चार्ज की घटना की कड़ी निंदा की है। एक बयान में दिलीप मिश्रा ने कहा कि लाठी चार्ज को कभी न्याय संगत नहीं कहा जा सकता। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि सहायक पुलिसकर्मी जो विगत सात वर्षों से कार्यरत है जिनकी बहाली पुलिसकर्मी की तरह ही की गई है, अंतर सिर्फ सहायक पलिसकर्मी को 10 हजार रु के मानदेय पर रखा गया है। उन्होंने कहा कि सहायक पुलिसकर्मियों की सेवा स्थायी करने के लिए मंत्रिमंडल समिति बनाई गई, लेकिन उसका कोई फलाफल नहीं निकला। सहायक पुलिस कर्मी भी स्थाई पुलिस कर्मी की तरह हर गोपनीय पहलू से अवगत हैं। ऐसी स्थिति में अगर उन लोगों की समस्याओं पर साहनुभूति पूर्वक विचार नहीं किया गया, तो आनेवाले समय में पुलिस की हर गतिविधि हर गोपनीय चीजें बाहर भी आ सकती है, जिससे कानून व्यवस्था पर व्यापक असर पड़ना स्वाभाविक है।

## बुंडू में सीएम का किया गया पुतला दहन



बुंडू (आजाद सिपाही)। जेबिकेएसएस तमाड़ विधानसभा ईकाई द्वारा राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन शनिवार को धुर्वा मोड़ बुंडू में किया गया। इससे पूर्व पीपीके कॉलेज से धुर्वा मोड़ तक मशाल जुलूस निकाला गया, जिसका नेतृत्व भगीरथ सिंह मुंडा और जयराम महतो ने किया। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शरद महतो, बिपिन महतो, समरेश, सुमित, दिनेश साथ-साथ बुंडू प्रखंड के छात्र आदि कार्यकर्ता शामिल हुए।

## चूल्हा प्रमुख शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों को लेकर आजसू की बैठक



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** आजसू के खिजरी विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी को लेकर शनिवार को नामकुम में बैठक हुई। जिसमें पार्टी के केंद्रीय सचिव पारसनाथ उरांव उपस्थित थे। बतातें चलें कि नामकुम प्रखंड के बड़ाम, हाहाप, खिजरी, कुटियातू, टाटीपूर्वी, टाटीपश्चिमी पंचायत में बैठक कर जुलाई महीने के अंतिम सप्ताह तक 10 हजार चूल्हा प्रमुखों का शपथ ग्रहण होना है। इस अवसर पर पारसनाथ ने तैयारी को लेकर पंचायत प्रभारी एवं ग्राम प्रभारीयों को निर्देशित किया। कहा कि चूल्हा प्रमुख पार्टी का मजबूत स्तंभ है। आजसू ने झारखंड को लड़ कर हासिल लिया है। अगर पार्टी सत्ता में आती है तो निश्चित रुप से राज्य की दिशा और दशा बदलेगी। मौके पर केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष वीणा कुमारी, आनंद तिर्की, संतू टूटी, पार्वती देवी, सुशेना केरकेट्टा, लक्ष्मी देवी, अनुपम्मा, विनीता, अनीता, सुषमा, सुनीता, आशीष, गुड़ी, रीना, मंती, सावित्री आदि थीं।

## मनरेगा कर्मचारी संघ ने निकाला मशाल जुलूस




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ का वादा निभाओ, स्थाई करो मुहिम के तहत तीन दिन के सांकेतिक हड़ताल के अंतिम दिन शनिवार को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में प्रदर्शनकारी जमे रहे। इस दिन शाम को मशाल जुलूस भी निकाला गया। जिसके माध्यम से अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की गई। बता दें कि मनरेगा कर्मचारियों को लेकर सरकार उदासीन है। इसके प्रतिवाद में ग्रामीण विकास मंत्री का आवास घेराव, विधानसभा घेराव, 100 किलो मीटर पद यात्रा, मुख्यमंत्री आवास घेराव सभी जिला मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन होने के बावजूद सरकार ने कोई संज्ञान नहीं लिया। उक्त जानकारी मनरेगा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष जॉन पीटर बागे ने दिया।

## मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम-पुरुलिया रोड तेतरी टोली स्थित बाल गोविंद उच्च विद्यालय में शनिवार को प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ। इसमें मैट्रिक की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आरटीसी के निदेशक आरएन महतो ने कार्यक्रम का उद्घाटन तिया। उन्होंने कहा कि बच्चों का भविष्य शिक्षकों के हाथ में है। माता-पिता, शिक्षक-शिक्षिका प्रबुद्ध नागरिक गुरु के आशीर्वाद से बच्चे अथक प्रयास करके अच्छा परिणाम लाते है। कहा कि शिक्षा पाने का लक्ष्य केवल निजी या सरकारी विभाग में उच्च पदों पर आसीन होना नहीं, बल्कि श्रेष्ठ समाज की रचना में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करना भी है। वहीं, प्राचार्य सत्य प्रकाश ने कहा कि प्रतिभाओं के सम्मान से बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इसलिए नयी प्रतिभाओं को दिशा निर्देश देने के साथ ही संसाधनों की पूर्ति में सहयोग देना आवश्यक है। इसके पहले समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 90 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक प्रभुनाथ प्रसाद उपस्थित थे।

## जयंती पर याद किये गये सरदार पटेल



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर शनिवार को कैंब्रिज स्कूल में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों ने देश की विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं का जिक्र करते हुए देश की अक्षुन्नता और अखंडता को श्रेयस्कर बताया। इससे संबंधित पोस्टर भी बनाए। वहीं, प्राचार्य तापस नाथ ने कहा कि देश की अखंडता को कायम करने में सरदार बल्लभ भाई पटेल की भूमिका अहम रही है। यही कारण है कि उनकी जयंती को एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। मौके पर शिक्षिका रीना सहाय, रीता सिंह, अशोक कुमार सिंह, ज्योति भूषण गुप्ता आदि मौजूद थे।

## सावन में विधि व्यवस्था को लेकर मंदिर ट्रस्ट की बैठक

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सोमवार से पवित्र सावन माह की शुरुआत हो रही है। शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटेगी। शिवलोक धाम मरासिल्ली पहाड़ ट्रस्ट के सदस्यों ने सावन के दौरान विधि व्यवस्था एवं अन्य विषयों को लेकर शनिवार को बैठक की। इस दौरान अध्यक्ष दयानंद राय ने बताया कि सावन में सोमवार के दिन हजारों श्रद्धालु पूजा करने आते है। मंदिर का महत्व बढ़ता जा रहा है। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी इसका विशेष ध्यान रखा जायेगा। सभी के सहयोग से भव्य शिव मंदिर का निर्माण भी किया जा रहा है। मौके पर अशोक राय, सूरत राय, मनोज सिंह, रुद्रेश्वर राय, भीम राय, किशोर जी, मनोज राय, गंगा लकड़ा, नरेंद्र राय, गोवर्धन राय, मोहन शर्मा, मीडिया प्रभारी राजेश वर्मा आदि उपस्थित थे।

## गोंदलीपोखर में झारखंड सरकार का पुतला फूंका

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सहायक पुलिस कर्मियों की जायज मांगों के समर्थन में उतरे जेबीकेएसएस नेता देवेंद्र नाथ महतो के ऊपर हुए पुलिस लाठीचार्ज के खिलाफ शनिवार की शाम गोंदलीपोखर में राज्य सरकार का पुतला दहन किया गया। इससे पहले जेबीकेएसएस नेता फलींद्र करमाली एवं सुमित महतो के नेतृत्व में पुतले के साथ शव यात्रा निकाली गई। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गयी। फलींद्र करमाली ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार तानाशाह पर उतर आयी है। हक-अधिकार की बात करने वाले और जायज मांग करने वालों को बल पुर्वक कुचलने की कोशिश की जा रही है। पर सरकार लाख कोशिश कर ले जनता की आवाज को दबा नहीं सकती है। जेबीकेएसएस जनता के हक अधिकार की लड़ाई को जारी रखेगी। इस अवसर पर पर सैकड़ों युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# करंट लगने से दो बच्चों की मौत

## घर में लगे लोहे के दरवाजे में करंट प्रवाहित होने से हुई दुर्घटना

**बच्चों को बचाने में पिता को भी लगा करंट, बाल-बाल बचे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के नरकोपी थाना क्षेत्र के करकरी पंचायत अंतर्गत खड़देवरी के तेतर टोली गांव में शनिवार की दोपहर दो बजे घर के सामने लगे लोहे के दरवाजे में करंट प्रभावित होने से उसके संपर्क में आकर दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गयी। उनकी पहचान विनय तिर्की (4 साल) और सृष्टि तिर्की (एक वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों रिश्ते में सगे भाई-बहन थे। वहीं, बच्चों को बचाने के चक्कर में उसके पिता सुनील तिर्की को भी करंट का झटका लगा। हालांकि वह बाल-बाल बच गया। इस बाबत पेशे से किसान सुशील तिर्की और उनकी पत्नी सुनीता तिर्की ने बताया कि वे



करंट लगने से मृत सृष्टि और विनय तिर्की।

लोग सपरिवार खेत में काम करने गये थे। दोपहर दो बजे खाना खाने के लिए सभी घर आ रहे थे। उनके मासून बेटा विनय तिर्की अपनी बहन सृष्टि को पीठ पर लेकर आगे-आगे चल रहा था। दोनों पहले घर में प्रवेश करने के लिए लोहे के दरवाजे को छुते ही करंट की चपेट में आ गये। क्योंकि दरवाजे से उपर से ही बिजली का तार गुजरा था, जिसे चूहों ने कुतर दिया था। उन्हें उसकी भनक नहीं लगी और खुला तार होने के कारण लोहे के दरवाजे में करंट फैल गया। सुनील ने बताया कि बच्चों को करंट लगा देख वह तुरंत बचाने के लिए आगे बढ़ा, लेकिन बिजली के झटके से छिटक कर दूर जा गिया। इस बीच उनके आंखों के सामने दोनों बच्चों ने दम तोड़ दिया। इधर, घटना की सूचना मिलची ही कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, विधायक प्रतिनिधि रवींद्र साहू और मुखिया सरिता एक्का घटनास्थल पर पहुंच गये। तत्काल विभाग को सूचना देकर लाइन कटवाया। प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव ने बताया कि इसकी सूचना नरकोपी पुलिस को भी दी गई है। उधर, ग्रामीणों ने आपसी सहयोग व परामर्श के बाद सबकी उपस्थित में गांव के मसना में आदिवासी रीति रिवाज से बच्चों का अंमित संस्कार कर दिया। वहीं, घटना के बाद स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। लोगों की मानें सुनील के चार बच्चें हैं, जिसमें सबसे बड़े बेटे विनीत तिर्की (12) विनय तिर्की (मृतक), विवेक तिर्की (2.5 साल) और सृष्टि तिर्की (मृतका) एक साल थे। सृष्टि घर की सबसे छोटी थी। इस हृदय विदारक घटना से गांव वालों की भी आंखे नम हो गयी।

## मकुंद स्वासी अबुआ आवास से हैं वंचित



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** सापुकेरा पंचायत के फतेहपुर स्वासी टोली का मुकुंद स्वासी आज भी प्रधानमंत्री आवास व अबुआ आवास से वंचित है। झोपड़ी टूटे हुए एस्वेस्टस व प्लास्टिक का एक कमरा और बांस की झाड़ी से घर का चारदीवारी लगाया है। मिट्टी की दीवार जर्जर है। इस गरीब परिवार को सिर छुपाने के लिए नाम मात्र का घर है, जिसमें शौचालय भी नहीं है। परिवार के लड़के-बच्चे बाहर के ईट भट्ठा में काम करने जाते है। घर लौटने पर सोने के लिए जगह नहीं होने से अंगनबड़ी केंद्र की छत पर सोने को मजबूर है। प्रखंड कर्मी भी गरीबों का दु:ख दर्द पूछने नहीं पहुचते है। स्वासी टोला 15 परिवार का घर है।

## मृतक के दोस्त के खिलाफ पिता ने दर्ज करवाया हत्या का मामला

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के पतरातु घाटी में गत 19 जुलाई को एक युवक का शव बरामद हुआ था, जिसकी पहचान बरियातू थाना क्षेत्र के बचरा गांव निवासी पल्लव सिन्हा (19) के रूप में हुई है। मृतक के पिता कमल राज सिन्हा ने पल्लव के दोस्त अंकित सिंह पर बेटे की हत्या करने का आरोप लगाया है। थाना में दिए आवेदन में कमल राज ने बताया कि उनका बेटा रांची में रह कर बीसीए की पढ़ाई करता था। 19 जुलाई की शाम 4.05 बजे पल्लव के दोस्त अंकित सिंह का फोन आया था। वह पल्लव के बारे में पूछ रहा था। इसके बाद पुनः 5.19 बजे अंकित सिंह ने फोन कर जानकारी दी की पतरातु घाटी में पल्लव ने आत्महत्या कर ली है। परिजनों ने यह भी बताया कि पल्लव और आकाश के बीच पैसे के लेनदेन



को लेकर विवाद चल रहा था। पल्लव के पिता ने आरोप लगाया है कि पल्लव के दोस्तों आकाश, अंकित सिंह, राहुल, तुषार व एक अन्य ने साजिश के तहत उनके बेटे को पहले पतरातु घाटी बुलाये। फिर सभी से मिलकर उसकी हत्या कर दी। उधर, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया। लगे हाथ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

## 413 मरीजों ने करायी नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** हाजी एहसान अंसारी मेमोरियल मेडिकल कैंप की ओर से फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें राज्य के मेदांता अस्पताल, ईरबा के प्रशिद्ध डॉ गगनजीत कौर, डॉ निलेश मिश्रा, अमुल्या स्वाति, डॉ कृष्णा कुमार दास, डॉ विजय कुमार सिंह, डॉ मुकेश अग्रवाल, डॉ रवी रौशन, स्पर्श आई केयर हॉस्पिटल के डॉ स्वाति सिंह और फ्लोरेंस डेंटल केयर से डॉ नाजनीन कौशर ने मरीजों का निःशुल्क उपचार किया। निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन, रक्त दान, दवाइयों का मुफ्त वितरण किया गया। इसीजी, ब्लड ग्रुपिंग, ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर की जांच भी निःशुल्क की गयी। साथ ही रक्तदान कैंप भी लगाया गया। जिसमें 48 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। मौके पर संस्थान के सचिव जीनत कौशर, निदेशक डॉ शाहीन कौशर, आशुतोष आदि उपस्थित थे।

## पूर्व डीडीसी ने चचकोपी गांव का किया दौरा, जनसमस्याओं से हुए अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने शनिवार को प्रखंड के चचकोपी गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठक भी की। ग्रामीणों ने बताया कि चचकोपी गांव में मूलभूत सुविधाओं की कमी है। गांव में सड़क, पानी बिजली, स्वास्थ्य अबुआ आवास, कृषि, बेरोजगारी और सबसे बड़ी समस्या नए बने आईटीआई का



बंद रहना है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि उन लोगों का जनप्रतिनिधियों से सीधा संपर्क नहीं हो पाता है। बिचौलियों का सामना करना पड़ता हैं जिस कारण उन्हें योजनाओं का लाभ सीधे मिलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस पर पूर्व डीडीसी ने कहा कि आज हम सभी लोग एक अच्छे जनप्रतिनिधि का आभाव महसूस कर रहे हैं। इसे पूरा करने की आवश्यकता है तभी जाकर हमें हमारा पूरा हक सीधे तौर पर मिल पाएगा। साथ ही कृषि, स्वास्थ्य एवं बेरोजगारी जैसे समस्याओं को लेकर जल्द ही वरीय अधिकारी से बात करके समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने ग्रामीणों के साथ वर्षो से बंद पड़े आईटीआई भवन का निरीक्षण भी किया। लोगो ने बताया कि यह आईटीआई भवन 2017 में ही बनकर बेकार पड़ा हुआ है। भवन के प्रारंभ नहीं होने से अब जर्जर होने लगा है। इस पर परमेश्वर भगत ने आश्वस्त किया कि विभाग के अधिकारियों से बात करेंगें।

## 'योगा-मेडिटेशन सेंटर' का उद्घाटन एसएसबी के उप-महानिरीक्षक ने किया



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** क्षेत्रक मुख्यालय (विशेष प्रचालन) एसएसबी गया के उप-महानिरीक्षक मानवेन्द्र सिंह नेगी ने शनिवार को 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अनगड़ा एवं अन्य समवायों का दौरा किया। उन्होंने कैंपस में जवानों के लिए नवनिर्मित 'योगा एंड मैडिटेशन सेंटर' का उद्घाटन किया और वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। इससे पूर्व कमांडेंट एसडी शेरखाने ने उप-महानिरीक्षक को जवानों के कल्याणकारी योजनाओं के तहत वाहिनी में पिछले कुछ महीनों में निर्मित यूनिट फ्रेश कार्नर, जवान एनक्लेव, अधिनस्थ अधिकारी क्लब, शिवाजी हाउस, शहीद चारू चन्द्र पाठक पवेलियन, शहीद वाटिका, बार्बर लॉज, केन्द्रीय पुलिस कल्याण भंडार, शहद वाटिका आदि का भ्रमण कराया।

## उषा मार्टिन ने टमाटर के 12 हजार पौधे बांटे

# नकदी फसलों की खेती से किसान बनेंगे आत्मनिर्भर : एनएन झा

**किसान को नकदी फसल से जोड़ने की पहल, 100 किसानों के मिट्टी की हुई जांच**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** नकदी फसल की खेती से किसान आत्मनिर्भर बनेंगे। इसके लिए कंपनी के माध्यम से प्रगतिशील किसानों को आगे लाने के लिए एकीकृत पहल की जा रही है। इसमें किसानों को प्रशिक्षण, खेत की मृदा बढ़ाने का प्रयास और उसको बाजार से जोड़ने की पहल की जा रही है। उक्त बातें कंपनी के एचआर हेड एनएन झा ने कही। वे शनिवार को कारखाने के इर्द गिर्द के गांवों के प्रगतिशील किसानों के साथ बातचीत के क्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर उषा मार्टिन फाउंडेशन की ओर से गांवों के प्रगतिशील किसानों को विभिन्न शब्जियों के ग्राफ्टेड पौधे दिये गये, ताकि बेहतर और सफल खेती की जा सके। अनगड़ा व नामकुम के



29 किसानों के बीच 12 हजार टमाटर के ग्राफ्टेड पौधों का वितरण किया गया। इसके अलावा 18 गांवों के 460 किसानों के बीच मौसमी शब्जी के बीज भी वितरित किए गए। इसमें प्याज, लौकी, भींडी, करैला, साग आदि के बीज शामिल है। इन किसानों में प्रगतिशील किसानों का चयन कर उनकी भूमि मृदा की जांच के अलावा ड्रीप इरिगेशन, पॉलीहाउस आदि से भी उनको जोड़ा गया है। अगले चरण में इन किसानों को शिमला मिर्च, बैंगन और मिर्ची का भी ग्राफ्टेड प्लांट दिया जायेगा। संस्था के फिल्ड सुपरवाइजर मेवालाल महतो ने किसानों को बताया कि बारिश के मौसम में इन फसलों में मुरझा रोग की समस्या सामान्य होती है जिसमें अधिकांश पौधे मर जातें हैं। पर ग्राफ्टेड पौधा लगाने से उक्त रोग की समस्या नहीं होती है। जिससे पौधे नहीं मरते हैं और उत्पादन भी अच्छा होता है। पौधा वितरण कार्य में बरुण कुमार, भुनेश्वर महतो, मोनित भूटकुंवार, संगीता कुमारी आदि का अहम योगदान रहा।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## गोंदलीपोखर में निकला मुहर्रम का जुलूस, अस्त्र-शस्त्र चालन का प्रदर्शन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** गोंदलीपोखर में शनिवार को मुहर्रम का जुलूस निकाला गया। जो हेसल, मासु एवं तुरूप गांव से निकला। इससे पहले टोल प्लाजा हेसल के पास तीनों अखाड़े के लोग जमा हुए। जहां से संयुक्त रूप से मुहर्रम का जुलूस गाजे-बाजे के साथ गोंदलीपोखर बाजार पहुंचा। इसके बाद गोंदलीपोखर बाजार में अस्त्र-शस्त्र चालन का प्रदर्शन किया गया। नन्ही बच्ची जोया रूखसार ने तलवार से बेहतरीन खेल दिखाया। इससे पहले विधायक राजेश कच्छप ने जुलूस में शामिल सभी लोगों का अभिवादन करते हुए बच्ची का उत्साहवर्द्धन किया। इस मौके पर जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा, शिक्षाविद डॉ रिझु नायक, सामाजिक कार्यकर्ता मुस्तफा अंसारी, मुस्लिम फैजी, सिकंदर अंसारी, सिदिक अंसारी, रामसाय मुण्डा, इब्राहिम अंसारी, अब्बास अंसारी, अमानत अंसारी, सफीक अंसारी, थाना प्रभारी चमरा मिंज, एएसआई सचिन लकड़ा और उतम पासवान सहित अन्य मौजूद थे। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में शौकत अंसारी, मोनाजिर हसन, अहमद, सामू, रब्बानी राज, शबनम परवीन, रज्जाक अंसारी आदि का योगदान रहा।

## नगड़ी में निकला मुहर्रम का जुलूस



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** सेंट्रल मुहर्रम कमेटी नगड़ी के बैनर तले शनिवार को मोहर्रम जुलूस निकाला गया। जिसमें नगड़ी, देवरी, कांटा टोली और नारो बांधटोली गांव के सैकड़ो लोग शामिल हुए। सेंट्रल मोहर्रम कमेटी नगड़ी के पदाधिकारियों ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय शाहदेव के अलावा कलाम आजाद, भाजपा नेता चुडामनी महतो, युवा समाजसेवी गौरव राज, हाजी रकीब एकबाल अंसारी को पगड़ी पहनकर और तलवार भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चों और युवाओं ने अस्त्र-शास्त्र से खेल दिखाया। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में पुलिस मुख्यालय टू के अरविंद कुमार, जोहार पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष कुशवाह, विजय महतो, शहीद अहमद, पूर्व पंसस जिकरूल्ला अंसारी, जुबैर आलम, जहांगीर अंसारी, आजाद अंसारी, मुराद अंसारी, जावेद अंसारी, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार राय आदि का सराहनीय योगदार नहा। वहीं, कार्यक्रम में सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के मुंतज़िर अंसारी, सज्जाद अंसारी, इमरान अंसारी, हसन अंसारी, इरफान अंसारी, इश्तियाक अंसारी, जुल्फान अंसारी, इस्तखार अंसारी, गुलजार अंसारी, सलीम अंसारी और हसीब अंसारी आदि शामिल हुए।

## महर्षि वेद व्यास की जयंती पर मना हरित दिवस



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड के कुललोंग स्थित आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को महर्षि वेद व्यास की जयंती और गुरुपूर्णिमा के पूर्वदिवस पर हरित दिवस का आयोजन किया गया। प्रातः वंदना में शामिल सैकड़ो भैया-बहनों को आचार्य मुरलीधर पाठक ने महर्षि वेद व्यास और गुरु पूर्णिमा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही गुरु-शिष्य परंपरा के बारे में बताते हुए कृष्ण सुदामा के गुरुकुल के जीवन, कौत्स मुनि का गुरु के प्रति निष्ठा, आरुणि मुनि का गुरु के प्रति समर्पण की कहानी बच्चों को सुनाया। वहीं, विद्यार्थियों द्वारा अपने घर से लाए औषधीय पौधे, फूल के पौधे, सजावट के पौधे, आम, नीम आदि जैसे पौधों का रोपण किया गया। प्रधानाचार्य जितेंद्र तिवारी ने बच्चों को पर्यावरण के संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि सिर्फ पौधे लगाने से पर्यावरण ठीक नहीं होगा। बल्कि उसका रक्षण भी करना होगा। एक-एक पौधे के संरक्षण से ही हम आने वाले भविष्य कि तस्वीर बदल सकते है। मौके पर आचार्य दीदी आदि उपस्थित थीं।

## आरटीसी स्कूल में आयोजित इंग्लिश एलंक्यूशन प्रतियोगिता का समापन




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आरटीसी पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय इंग्लिश एलंक्यूशन प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हुआ। अंतिम दिन प्रतियोगिता कक्षा छठवीं से 10वीं तक के प्रतिभागियों के लिए था। चुनी गई कविताएं, विविध और बहुत ही मनोरंजक थी। सभी बच्चों ने बारी-बारी से अपनी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्राचार्य नरेन्द्र नाथ महतो ने सभी सफल बच्चों को शुभकामनाएं दी। प्रथम स्थान पर पायल कुमारी, रितेश महतो, स्वाति कुमारी, शिवम यादव निकी कुमारी आदि रहे। सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं गिफ़्ट दे कर सम्मानित किया गया। मंच संचालन शिक्षिका मनीषा रानी ने किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों का अहम योगदान रहा।

## पौधरोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ बनायें : संध्या

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** 'एक वृक्ष मां के नाम' कार्यक्रम के तहत मालती वेलफेयर फाउंडेशन सोसायटी की अध्यक्ष संध्या रानी भगत की मां के 87वें जयंती पर शनिवार को प्रखंड के जरिया सरना स्थल में पौधरोपण किया गया। साथ ही भाजपा नेता रामनारायण भगत के सौजन्य से ग्रामीणों के बीच 87 पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर संध्या रानी भगत ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए पौधरोपण और पेड़ों को बचाना अति आवश्यक है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति द्वारा अपने-अपने घरों पर कम से कम एक एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। मौके पर ग्राम प्रधान पेरो उरांव बोड़या की मुखिया जया भगत, जरिया मुखिया कुंवारी खलखो, सचिव साक्षी उरांव आदि मौजूद थीं।

